प्रेसनोट दिनांक 08-08-2019 जनपद मुरादाबाद।

1- वाहन चोरी करने गिरोह के 02 सदस्य चोरी की 05 मोटरसाईकिलों सहित गिरफ्तारः-

जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथामए घटना में सम्मिलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी किये गये वाहनों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 07-08-2019 को उ0नि0 श्री अमरपाल सिंह थाना कुन्दरकी ने मय हमराही पुलिस बल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1-अरकान पुत्र इस्माईल, 2-शहजादा पुत्र रियासत निवासीगण ग्राम चक फाजलपुर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को थाना क्षेत्रान्तर्गत चकफाजलपुर रोड फलाई ओवर के नीचे से समय 17.30 बजे थाना कुन्दरकी में पंजीकृत मु0अ0सं0-161/19 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाईकिल सुपर स्पलैण्डर नम्बर यूपी 21 बीडी 5783 सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशांदेही पर जंगल ग्राम काजीपुरा खण्डरनूमा मकान से भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की गयीं 04 अन्य मोटर साइकिलों को बरामद किया गया। विवरण मोटर साइकिलों का विवरण निम्न प्रकार है-1-मोटरसाईकिल सुपर स्पलैण्डर रंग लाल नं0 यूपी 21 बीडी 5783, 2-मोटरसाईकिल अपाचे रंग स्लेटी बिना नम्बर प्लेट, 3-मोटरसाईकिल पैशन प्रो रंग नीला काला नं0 यूपी 21 एवी 4479, 4-मोटरसाईकिल अपाचे रंग सफेद नं0 यूपी 85 एजे 2052, 5-मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्पलैंडर रंग लाल नं0 यूपी 21 ई 2093

2- लूटी गयी ई-रिक्शा व अवैध असलहा सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तारः-

दिनांक 07-08-19 को वादी मोहम्मद अरमान पुत्र सरफराज निवासी ग्राम नकटपुरी कलां थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद ने 04 व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी का ई-रिक्शा व 750/- रुपये लूट कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0-200/19 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण 1-निजामुद्दीन पुत्र शफीक, 2-इस्लाम पुत्र लियाकत, 3-हारुन पुत्र शफीक, 4-शारुख पुत्र जाकिर, 5-नूरआलम पुत्र लियाकत निवासीगण ग्राम गंजो वाली मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद के नाम प्रकाश में आये। उक्त के घटना के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री अखिलेश गंगवार थाना भगतपुर ने मय हमराही पुलिस बल मुखबिर की सूचना पर विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त 1-निजामुद्दीन पुत्र शफीक, 2-इस्लाम पुत्र लियाकत निवासीगण ग्राम गंजो वाली मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को वहद ग्राम किस्बा नंगला से समय 00-45 बजे लूटे गये 750/- रुपये, ई-रिक्शा एवं घटना में प्रयुक्त 02 अदद तमंचे व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-200/19 धारा 392 भादवि में बरामदगी के आधार पर धारा 411 की बढोत्तरी की गयी तथा अभियुक्तों के कब्जे से अवैध असलहा बरामद होने के सम्बन्ध में अभियुक्त निजामुद्दीन उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-201/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व अभियुक्त इस्लाम उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-202/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

3- चोरी के आभूषणों व एक अदद चाकू सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार, थाना गलशहीदः-

दिनांक 07-08-2019 को उ0नि0 श्री अजीत सिंह थाना गलशहीद ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त भोलू उर्फ शब्बीर पुत्र मुन्ना निवासी खचानाची टोला निकट मुन्ना मियां मोहम्मदाबाद चैराहा थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई को इन्द्रा चौक से समय 21-59 बजे थाना सिविल लाइन में पंजीकृत मु0अ0सं0 707/19 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित 02 कढ़े पीली धातु, 02 अदद चैन पीली धातु, 01 अदद हार पीली धातु, 02 अंगूठी पीली धातु, 02 झुमकी पीली धातु तथा 06 अदद सिक्के सफेद धातु व 01 अदद चाकू सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त भोलू उपरोक्त से बरामद आभुषणों की कीमत लगभग 1,50,000/- रुपये है। अभियुक्त से बरामद चोरी के आभुषण बरामद होने के सम्बन्ध में थाना गलशहीद में मु0अ0सं0-341/19 धारा 41/102 द0प्र0सं0 व धारा 411 भादवि एवं चाकू बरामद होने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-342/19 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है। गिरफ्तार अभियुक्त ने थाना सिविल लाइन पर पंजीकृत मु0अ0सं0-594/19 धारा 380/411 व मु0अ0सं0-577/19 धारा 457/380 भादवि की घटना कारित करना स्वीकार किया तथा उक्त चोरी की घटनाओं को अपने साथी सज्जन पुत्र लड्डन निवासी खजान्ची टोला मुन्ना मियां चौराहा कोतवाली नगर जनपद हरदोई हाल निवासी नन्द नगरी तांगा स्टैण्ड सी-3पीएस नन्द नगरी, नई दिल्ली के साथ अंजाम दिया था। प्रकाश में आये अभियुक्त सज्जन उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

4- <u>करोड़ों की धोखाधड़ी में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मझोलाः-</u>

दिनांक 06-08-2019 को वादी श्री सागर सैनी पुत्र रतन लाल सैनी निवासी 6 बी-71 बुद्धि बिहार आवास विकास थाना मझोला ने अभियुक्तगण द्वारा वादी व वादी के अन्य साथियों से ट्रू-कॉस मेडी हेल्थ प्योर व विश्वकर्मा मेडीकोज कम्पनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर करीब 10 करोड़ रुपये धोखाधड़ी कर जमा कराकर वापस न करना वादी व अन्य व्यक्तियों द्वारा रुपये वापस मांगने पर गाली गलौच कर धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना मझोला पर मु0अ0सं0 655/19 धारा 406, 420, 504, 506 भादवि बनाम 05 नफर नामजद पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना मझोला ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अमित कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी लिंडौरी थाना कोतवाली जनपद संभल हाल निवासी 6वी/71 बुद्धि बिहार आवास विकास थाना मझोला को उसके घर से समय 13.30 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेष नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस प्रयासरत है।

5- <u>चोरी के ट्रक सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मैनाठेरः-</u>

आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री श्यामपाल सिंह थाना मैनाठेर ने मय हमराही पुलिसबल चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ताहरपुर बाजार के पास से अभियुक्त सतनाम पुत्र बलजीत सिंह निवासी कोटला मेहरसिंह थाना बघा पुराना जिला मोगा पंजाब को 01 चोरी के 10 टायरा ट्रक नंबर यूपी 38 टी 4510 सहित समय 11.30 बजे गिरफ्तार किया। अभियुक्त द्वारा उक्त चोरी के ट्रक को कस्बा सिरसी, संभल से दिनांक 06-08-2019 को चोरी किया गया था, जिसके सम्बन्ध में

मु0अ0सं0 352/19 धारा 379 भादवि पंजीकृत था। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0 223/19 धारा 411 भादवि पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

6- <u>गैंगस्टर एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना डिलारीः</u>-

दिनांक 28-07-2019 को प्रभारी निरीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह थाना डिलारी ने अभियुक्तगण द्वारा एक सुसंगठित गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ कमाने के उददेश्य से पशुओं का बध करने जैसे जघन्य अपराध कारित कर जनता में भय व आतंक व्याप्त करने के सम्बन्ध में थाना डिलारी पर मु0अ0सं0 178/19 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट बनाम 04 नफर नामजद पंजीकृत कराया था। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री धर्मपाल सिंह थाना डिलारी ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मुस्तफा पुत्र हनीफ कुरैशी निवासी ढकिया पीरू थाना डिलारी को उसके घर से समय 12.45 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस प्रयासरत है।

7- <u>नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइनः</u>-

दिनांक 15-01-2019 को वादिनी श्रीमती .... निवासी क्षेत्रान्तर्गत थाना सिविल लाइन ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी की पुत्री उम्र 17 वर्ष को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 53/19 धारा 363, 366 भादवि बनाम 05 नफर नामजद पंजीकृत किया गया। जिसमें अपहर्ता को दिनांक 23-01-2019 को बरामद किया गया। पंजीकृत अभियोग में मेडीकल व बयानों के आधार पर धारा 376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट की बृद्धि की गयी। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को निरीक्षक अपराध श्री संजीव कुमार थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त रोहन उर्फ सोनू पुत्र सरवन निवासी मोहल्ला भट्टपुरवा कालोनी थाना गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी हाल निवासी म0नं0 403 आदर्श कालोनी थाना सिविल लाइन को नवीन नगर तिराहा से समय 06.40 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस प्रयासरत है।

8- <u>धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइनः</u>-

दिनांक 11-08-2019 को वादी श्री सत्यपाल सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह निवासी ग्राम गोट थाना कटघर ने अभियुक्तगण द्वारा धोखाधड़ी कूट रचित व फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन दिलाने के नाम पर 1 लाख रुपये ले लेना तथा गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 837/18 धारा 420, 467, 468, 471, 504, 506 भादवि बनाम 05 नफर नामजद व 01 अज्ञात पंजीकृत किया गया। जिसमें दिनांक 25-07-2019 को अभियुक्त नन्हें पुत्र रतनलाल व दिनांक 04-08-2019 को अभियुक्त रामकुंवर पुत्र बनवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री चन्द्रप्रकाश गंगवार थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर

वांछित अभियुक्त महेन्द्र पुत्र डूंगर सिंह निवासी ग्राम गतौरा थाना मूण्डापांडे को कपूर कम्पनी तिराहा से समय 13.10 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस प्रयासरत है।

9- छेड़छाड़ में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइनः-

दिनांक 07-08-2019 को वादिनी कु0 ....निवासी क्षेत्रान्तर्गत थाना सिविल लाइन ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़ करना तथा शिकायत करने पर वादिनी के पड़ोसी अर्जुन के साथ मारपीट करने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 747/19 धारा 354, 323 भादवि बनाम 02 नफर नामजद पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री नायाब खान थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त 1-विपिन 2-कपिल पुत्रगण अशोक निवासीगण नई वस्ती ग्राम भटावली थाना सिविल लाइन को डेन्टल कालेज के पास से समय 12.45 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा।

10- धोखाधड़ी कर जमीन को बार-बार बेंचने में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना सिविल लाइनः-

दिनांक 04-05-2019 को वादिनी श्रीमती शफीना पत्नी नईम निवासी जारत शाह बुलाकी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइन ने अभियुक्तगण द्वारा धोखाधड़ी कर षड्यत्रं कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अपनी जमीन को बार बार बेचने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 362/19 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि बनाम 08 नफर नामजद पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री सर्वेश कुमार थाना सिविल लाइन ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त 1-नौशाद पुत्र नौसे 2-फुरकान पुत्र नवी हसन निवासीगण चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइन को शाहबुला की ज्यारत चक्कर की मिलक से समय 13.30 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस प्रयासरत है।

11- घर में घुसकर मारपीट करने में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, थाना मूण्डापांडेः-

दिनांक 15-07-2019 को वादिनी श्रीमती कोमल पत्नी प्रवीन निवासी ग्राम हीरापुर थाना मूण्डापांडे ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के घर में घुसकर वादिनी के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने के सम्बन्ध में तहरीर दी, जिसके सम्बन्ध में थाना मूण्डापांडे पर मु0अ0सं0 395/19 धारा 323, 452, 504 भादवि बनाम 03 नफर नामजद पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में आज दिनांक 08-08-2019 को उ0नि0 श्री मनोज यादव थाना मूण्डापांडे ने मय हमराही पुलिसबल मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रदीप पुत्र किशनपाल सिंह निवासी हीरापुर थाना मूण्डापांडे को उसके घर से समय 10.20 बजे गिरफ्तार किया।